एपीपीआइ मदद से गरीबों की सहायता

जासं, चक्रधरपुर : चक्रधरपुर प्रखंड प्रशासन के नेतृत्व में प्रदान संस्था कोविड 19 से बचाव के लिए प्रोटेक्शन किट यानी मास्क, हैंड ग्लब्स, हेयर कवर, सैनिटाइजर और पीपीई किट फ्रंटलाइन विभाग यानी अनुमंडल प्रशासन, हॉस्पिटल वर्कर, पुलिस ऑफिसर एंड ग्राउंड फोर्स को सहायता की है। प्रदान संस्था प्रखंड कार्यालय के दिशा निर्देश के अनुसार गांव-गांव में पंचायत प्रतिनिधि के साथ मिलकर गरीब परिवारों को लॉक डाउन में कोरोना से बचाव के लिए जागरूक करने, सामाजिक दूरी बनाने और अति गरीब के लिए सूखा राशन पहुंचाने का काम कर कर रही है। प्रदान संस्था पश्चिमी सिंहभूम जिला के बंदगांव, सोनुवा, चक्रधरपुर, टोंटो, हाटगम्हरिया प्रखंड के अति गरीब परिवार को सूखा राशन किट जैसे चावल, आलू, दाल, सरसों तेल, हल्दी, नमक आदि वितरण कर रही है। इस कार्य में संस्था ने अजीम प्रेमजी फिलंथरोपिक इनीशियेटिव (एपीपीआइ) से वित्तीय सहायता ली है।

प्रदान संस्था की ओर से अनाज वितरण कार्यक्रम में पहुंचे ग्रामीण • जागरण